प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

महिला क्लब, पंतनगर द्वारा स्पोर्ट्स डे का उत्साहपूर्ण आयोजन

पंतनगर। 19 अप्रैल 2026। गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महिला क्लब, पंतनगर द्वारा विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में क्लब की अध्यक्षा श्रीमती वीना चौहान के नेतृत्व में उत्साह और उमंग के साथ स्पोर्ट्स डे का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्याओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, ऊर्जा और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की सचिव विजया लक्ष्मी एवं खेल मंत्री शिल्पी गुप्ता एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा, जिनके समर्पण और मेहनत से यह आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो पाया। क्लब की सदस्याओं ने पूरे जोश और साहस के साथ सहभागिता कर इस स्पोर्ट्स डे को यादगार बना दिया। इस आयोजन का उद्देश्य महिला सदस्यों के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस और आपसी सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना था, जो पूरी तरह से सफल रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई और आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। महिला क्लब, पंतनगर भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।